### कुंडीपुरा पुलिस ने आरोपियों को भेजा जेल, मामला किया दर्ज

# 24 घंटों के भीतर चोरी की हुई पिकअप वाहन किया जप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा अजय पांडे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के मार्ग दर्शन में अवैध शराब विक्रय एवं परिवहन में संलिप्ति व्यक्तियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये जो वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देश में थाना प्रभारी कुण्डीपुरा महेन्द्र भगत एवं चौकी प्रभारी धरमटेकडी अविनाश पारधी के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा थाना कुंडीपुरा के अप.क्र. 484/25 धारा 303 (2) BNS में चोरी गयी पिकअप वाहन कीमती 10,00,000 रूपये को आरोपीयों के कब्जे से बरामद किया गया है। दिनांक 13/07/25 को प्रार्थिया कमला मालवी पति अनिल मालवी उम्र.30 साल निवासी विध्याचल कालोनी छात्रावास होस्टल के पीछे खापाभाट थाना थाना कुंडीपुरा ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि अज्ञात आरोपी द्वारा इसकी पिकअप क्रमांक MP-28-G-3660 कुल कीमत करीबन 10,00,000 रूपये की चोरी कर ले गया की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 484/2025 धारा 303 (2) BNS पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

**की गयी कार्यवाही-** अपराध पंजीबद्ध कर मुखबिर तंत्र को सक्रयि किया गया तथा फरियादिया से पूछताछ के दौरान संदेहीयों निक्कू नागवंशी द्वारा कुछ समय पहले पकिअप चलाना पता चला जो मुखबिर तंत्र व तकनीकी साधनों का प्रयोग कर आरोपीयों को चंद घंटों में पकडकर पूछताछ करने पर आरोपी निक्कू द्वारा आरोपी मुकेश के साथ मिलकर फरियादिया के घर के सामने खडी पिकअप वाहन को चोरी करके ले जाना स्वीकार किया गया जो आरोपी निक्कू के कब्जे से दिनांक 14/07/2025 को पिकअप क्रमांक MP-28-G-3660 को 24 घंटो के भीतर जप्त कर आरोपीयों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

**जप्त संपत्ति-** पिकअप वाहन क्रमांक MP-28-G-3660 कुल कीमत करीबन 10,00,000 रूपये

**नाम आरोपी-** (1) निक्कू नागवंशी पिता लेखराम नागवंशी उम्र 29 साल निवासी भजिया थाना अमरवाडा (2) मुकेश करपेती पिता सुनेश करपेती उम्र 26 साल निवासी भजिया थाना अमरवाडा

**महत्वपूर्ण भूमिका** – थाना प्रभारी कुण्डीपुरा उप निरी महेन्द्र भगत, उप निरी अविनाश पारधी चौकी प्रभारी धरमटेकडी,सउनि रविन्द्र कुमार चौके , प्र.आर.407 अरूण शर्मा, प्र. आर.12 विजय पाल, प्र. आर.1105 सुरेन्द्र बघेल, आर 164 जीवन रघुवंशी, आर 1086 चंद्रकुमार दाहिया ,आर 1091 देवेश सिंह, सै. 320 राजेश कुशवाहा

### बड़कुही के वार्ड 14 का मामला

## नाबालिग ने लगाई फांसी पुलिस कर रही जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर पंचायत बड़कुही के वार्ड 14 में एक 11 साल की नाबालिग ने खुद को फांसी लगाकर जान दे दी । जिससे वार्ड वासी सकते में है । पुलिस ने मामले में बताया , कि मृतिका ने सोमवार रात फांसी लगाई , जिसे मंगलवार सुबह उसके पिता और भाई ने देखा तो फंदे से उतारा और पुलिस को सूचना दी । मृतिका के पिता ने पुलिस को बताया , कि कोरोना काल में मृतिका की मा की मौत होने के बाद से वह डिप्रेशन में रह रही थी । न ज्यादा किसी से बात करती थी और न ही बाहर सहलियों के साथ खेला करती थी ।

### तबादला सूची के बाद पता चला कि यहां पर डोब सचिव संभाल रहे थे तामिया पंचायत

# न नवनियुक्त सचिव न उपयंत्री को पता आखिर मंगल भवन के सामने कौन बना रहा है सीसी रोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया ग्राम पंचायत सचिव जो पूरी तरह से निरंकुश एवं हठ धर्मिता पूर्ण कार्य प्रणाली के लिए अपनी पहचान बन चुके हैं। ना तो इन्हें मुख्य कार्यपालन अधिकारी का भय है और ना ही जिला पंचायत कार्यालय.के सम्मान की कोई चिंता है। इस कारण ग्राम पंचायत में मनमाने तरीके से शासकीय धन की खुली लूट मचाए हुए हैं, जिसका समाचार हरिभूमि लगातार प्रकाशित करता चला रहा है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने की दशा में उनके द्वारा किए जाने वाले भ्रष्टाचार का पैमाना दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में पिछले दिनों कोर कमेटी जिला पंचायत के माध्यम से सचिवों के तबादले हुए तब तामिया के ग्रामीणों को पता चला कि यहां पर जो पदस्थ सचिव वे डोब ग्राम पंचायत में तैनात होते हुए अतिरिक्त प्रभार आखिर किसकी शह पर संभाल रहे थे जिससे समझा जा सकता है कि सचिव का रसूख कितना है।

उन्होंने भोली भाली महिला आदिवासी सरपंच का भरपूर लाभ उठाकर 4 जून से 9 जुलाई के बीच में 25 लाख से अधिक रुपए निर्माण के नाम पर पांचवें वित्त राज्य आयोग की राशि के आहरण कर डालें। जब उनसे नव नियुक्त धूसावानी सचिव जगत शाह को प्रभार देने की बारी आई तो वह प्रभार देने में आनाकानी कर रहे हैं क्योंकि जब राशि आहरण की है तो निर्माण कार्य भी उनको दिखलाये जाने होंगे। इसी आपाधापी में महिला बाल विकास कार्यालय परिसर में आनन-फानन में सीमेंट रोड निर्माण के लिए निर्माण सामग्री आज शाम तक जुटा ली गई है क्योंकि सरकारी रूपयो का हिसाब कैश बुक के साथ देना होगा। इसी जल्दबाजी में कीचड़ भरे क्षेत्र में सीसी रोड बनाने की तैयारी कर डाली जिससे समझा जा सकता है कि तामिया ग्राम पंचायत में अनावश्यक रूप से निर्माण कार्य तबादला सूची जारी होने के बाद भी निर्माण के नाम पर राशि का आहरण किया गया। जल्दबाजी में बनाए जाने वाली सीमेंट रोड तो यही साबित करती है क्योंकि जब निर्माण स्थल पर देखा गया तो उक्त सीसी रोड सिर्फ हिसाब मिलाने के लिए आनन-फानन में बनाई जा रही है। इसकी यदि जांच करते हैं तो आज की तारीख में मुरमी करण होने की तारीख एवं निकाले गए भुगतान का मिलान करेंगे तो सचिव का गड़बड़ झाला सामने आएगा कि प्रभार देने के पूर्व सड़क बनाने की ऐसी कौन सी जरूरत आन पड़ी। यह सारे जांच के विषय हैं लेकिन सवाल यह है कि इतने प्रत्यक्ष भ्रष्टाचार निर्माण कार्य के नाम पर फर्जी बिल चहेतो के नाम पर लगाकर निकाले गए हैं। इसकी जांच करेंगे तो प्रभारी सचिव इस फर्जी बाडे में पाये जाएंगे ना तो उप यंत्री और ना ही नवनियुक्त सचिव को इस सीमेंट रोड बनाए जाने की जानकारी नहीं है।

#### इनका कहना है

जब तामिया पंचायत में नवनियुक्त सचिव से सीसी रोड के बारे में चर्चा की गई तो उन्होंने बतलाया कि मेरा तबादला धूसावानी पंचायत से तामिया ग्राम पंचायत हुआ है। मैंने आमद दी अभी प्रभार नहीं मिला, इस सीसी रोड के बारे में अनजान हूँ।

**जगत शा तेकाम**
**नवनियुक्त, पंचायत सचिव तामिया**

मंगल भवन परिसर में बन रही सीमेंट रोड निर्माण कार्य के संबंध में जब यहां कि उपयंत्री ममता ठाकुर से जानकारी चाही गई तो उन्होंने बन रही सीमेंट रोड की जानकारी नहीं होने की बात कही।

**ममता ठाकुर**
**उपयंत्री तामिया सेक्टर**

### बुद्ध विहार में चल रहा है वर्षावास कार्यक्रम

**पिपला।** ग्राम पंचायत बानाबकोड़ा के धम्मज्योत बुद्ध विहार में वर्षवास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वर्षावास कार्यक्रम के दौरान बुद्ध विहार बानाबाकोडा मे सामूहिक रूप से बुद्ध वंदना के साथ ही बुद्ध और उसका धम्म एवं भारतीय संविधान का वाचन भी किया जा रहा है। धम्मज्योत बुद्ध विहार समिति के पदाधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार बौध्द विहार में आषाढ पोर्णिमा से अश्विन पोर्णिमा तक बुद्ध ओर उनका धम्म का वचन ओर तथागत भगवान गौतम बुद्ध के द्वारा दिए गए प्रज्ञा शील करुणा मैत्री के संबंध में उपस्थित जनों जानकारी देते हुए तथागत बुद्ध एवं डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का संकल्प दिलाया जा रहा है। वर्षावास इस तीन महीने कि कालावधि मे भिक्षु अपने दिनचर्या में ध्यान, धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन, और अन्य साधनाओं में लीन रहते हैं। यह समय आत्म-साधना और आध्यात्मिक विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। बुद्ध और उसका धम्म वाचन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में बुद्ध विहार में महिलाएं पुरुष एवं बच्चे पहुंचकर पुण्य लाभ ले रहे हैं।

## जून माह में ऑनलाईन समन, वारंट की तामिली में जिला प्रदेश में द्वितीय स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

पुलिस अधीक्षक छिंदवाडा अजय पाण्डे के दिशा-निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के द्वारा सतत मानीटरिंग की गई जिसमें माह जून-2025 में जिलें में कुल 773 समन/वारण्ट प्राप्त हुयें, जिसमें 772 समन/वारण्ट की तामीली समयावधि पर कराई गई, जिससे तामीली का प्रतिशत 99.87% रहा, जो ऑनलाईन समन/वारंट की तामीली मे प्रदेश में द्वितीय स्थान पर रहा । मध्यप्रदेश में न्याय व्यवस्था में तेजी लाने के प्रयास जारी हैं. इसी क्रम में वारंट और समन तामील करवाने का काम अब डिजिटली हुआ है, अब मध्यप्रदेश में वारंट व समन ई-मेल, वाट्सएप और मैसेज के जरिए संबंधित व्यक्ति तक भेजे जा रहे है , हाईटेक होते जा रहे जमाने में अब हर काम को सरल बनाने के लिए सरकार व प्रशासन भी तेजी से कदम बढ़ा रहा है. इसके तहत अब संबंधित लोगों तक वॉट्सएप, ई-मेल के जरिए समन और वारंट भेजे जा रहे है. इस व्यवस्था के अनुसार अदालतें अब अपने सॉफ़्टवेयर पर वारंट और समन अपलोड कर रही है. अपलोड होते ही ये दस्तावेज पुलिस के सॉफ़्टवेयर पर उपलब्ध होने पर ऑनलाइन के माध्यम से समन और वारंट को तामील किये जा रहे है।

### न्याय प्रक्रिया होगी आसान

अभी तक समन व वारंट तामील कराने की प्रक्रिया जटिल थी. जिससे तामीली में काफी समय भी लगता था. लेकिन सारा काम ऑनलाइन होने से अदालतों का काम भी आसान होगा और पुलिस का भी. इसके साथ ही संबंधित व्यक्ति के लिए ये प्रक्रिया सरल होगी. नए नियमों के लागू होने से अदालत के फैसले जल्दी हो सकेंगे और तामील न होने की शिकायतें भी कम होंगी ।

## गौ शाला निर्माण हेतु किया आक्रोश, दिया धरना

### राष्ट्रीय हिन्दू सेना चौरई द्वारा गौ माता की रक्षा सुरक्षा एवं निरंतर हो रहे गौ दुर्घटना से बचाव




हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

चौरई नगर में प्रतिदिन गौ माता के साथ हो रहे दर्दनाक हादसा को रोकने ओर वाहन चालक के ऊपर कार्यवाही करने की मांग रखी है साथ ही गौ शाला के निर्माण एवं गाय के लिए 24 घंटे उपलब्ध पशु चिकित्सक हेतु मांग रखी गई राष्ट्रीय हिन्दू सेना द्वारा मुख्यमंत्री के नाम पर एसडीएम प्रभात मिश्रा को ज्ञापन दिया गया जिसमें पांच सूत्री मांग रखी गई जिसमें प्रशासन द्वारा 20 दिनों के भीतर सभी मांगों को पूरा करने का वादा किया गया प्रशासन द्वारा यदि उपरोक्त समय में मांगो को पूरा नहीं किया गया तो राष्ट्रीय हिन्दू सेना द्वारा उग्र आंदोलन करने हेतु विवश होगा जिसका प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होगा।

इस आक्रोश प्रदर्शन में राष्ट्रीय हिंदू सेना प्रदेश प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष श्री यमन जी साहू , सिवनी जिला अध्यक्ष शीतल अमरोदिया जी, छिंदवाड़ा नगर अध्यक्ष श्री विक्की जी साहू, जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रथमेश वर्मा जी, नगर संयोजक गोविंदा जी, नगर प्रमुख दीपक चंद्रवंशी जी, जिला कार्यकारिणी सदस्य मयंक पटेल जी, कार्यकारिणी सदस्य कुलविंदर सिंह जी, जिला सहमंत्री मोनू यादव, ब्लॉक प्रभारी दीपक निर्मलकर, ब्लॉक अध्यक्ष लालू यादव, ब्लॉक संजोयक अजय नायक, ब्लॉक मंत्री अभय दुबे, ब्लॉक सहसंयोजक मंगल सिंगारे, ब्लॉक महामंत्री आयुष शर्मा, ब्लॉक गौ रक्षा प्रमुख प्रद्युम्न गुर्दे, ब्लॉक मीडिया प्रभारी प्रसून तिवारी, कोषाध्यक्ष चेतन शर्मा, नगर अध्यक्ष अभिषेक मालवीय, गौ रक्षक राजा गोहिया, नगर संजोयक शुभम नामदेव, नगर सहसंयोजक कन्हैया वन्देवार, नगर मंत्री मनीष वन्देवार, नगर महामंत्री सत्यम विश्वकर्मा, नगर कोषाध्यक्ष अंशुल मालवीय, नगर सचिव यश ठाकुर, नगर सहसचिव अर्पित राय, मठ मंदिर प्रमुख रोहित दहिया, नगर मीडिया प्रभारी लक्की साहू, जयसिंग बैरागी, महेश सिंगारे, सहायता ग्रुप चौरई से हेमंत पवारजी, विनोद पाल जी, सुमित सराठे जी, ग्रामीण अध्यक्ष विकाश शर्मा, विक्की वर्मा, सचिन वर्मा, अंकुश चौरसिया, मनु यादव, मोहित यादव, मोंटी यादव, आदित्य यादव, सोनू वर्मा आदि मौजूद रहे।

## सांसद ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष से की भेंट



**छिन्दवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने मंगलवार को भोपाल प्रवास के दौरान नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा से मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा को अपनी 13 दिवसीय छिन्दवाड़ा से खण्डवा तक की पदयात्रा के बाद दादाजी दरबार खण्डवा में चढ़ाये गये प्रसाद को भेंट किया। सांसद श्री साहू ने इस दौरान भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा को उनके सफलतम और ऐतिहासिक कार्यकाल के लिए उन्हें शुभकामनाएं और बधाई दी। इस दौरान काफी देर तक सांसद बंटी विवेक साहू और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के बीच छिन्दवाड़ा और पाण्ढुर्णा के विभिन्न विषयों पर चर्चा भी हुई। वही सांसद श्री साहू ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खंडेलवाल से उनके निवास स्थान पर मुलाकात करते हुये उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट करते और मिठाई खिलाते हुये उन्हें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी।

## कराटे खिलाड़ी कल्याणी का हो रहा है स्वागत

**सौंसर।** हाल ही में सौसर नगर के वार्ड क्रमांक 13 निवासी और संजय मार्शल आर्ट स्कूल होनहार विद्यार्थी कल्याणी गोविंद प्रसाद विश्वकर्मा ने दक्षिण एशियाई कराटे फेडरेशन द्वारा श्रीलंका के कोलंबो में आयोजित दक्षिण एशियाई कराटे चैंपियनशिप 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक प्राप्त करते हुए सौसर के साथ ही संपूर्ण जिले प्रदेश देश का नाम रोशन किया है। इस जबरदस्त उपलब्धि को लेकर क्षेत्र वासियों के द्वारा बालिका का स्वागत सत्कार कर बधाइयां प्रेषित की जा रही है,मंगलवार को विधायक विजय चौरे अमरीश जायसवाल, प्रशांत महाले, जिला वस्त्र एंप्लॉई यूनियन रेमंड अध्यक्ष प्रदीप इंगोले, गणेश चौरे, राजा कलस्कर, महादेव बेंडे, जुबैर अली, ऋषिकेश चौरे आदि नेबालिका के निवास स्थान पर कल्यानी ओरउनके परिजनों का पुष्पमाला पहनकर स्वागत सत्कार किया है। इस दौरान विधायक विजय चोरे के द्वारा बालिका की उसे उपलब्धि पर भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए आगामी विश्व स्तरीय कराटे प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दि है। चर्चा के दौरान विधायक श्री चौरे ने कहा की कल्याणी ने सौसर क्षेत्र का नाम न केवल देश में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया हैं यह हम सभी के लिए एक गौरवान्वित क्षण है।



### जल्द से जल्द प्रकरणों का निराकरण करने के दिए निर्देश

# जनसुनवाई : कलेक्टर ने सुनी 135 आवेदकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 135 आवेदकों की समस्यायें सुनी । इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये । जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन करने, पीएम जनमन आवास योजना का लाभ दिलाने, पीएम किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, पात्रता पर्ची जारी करने, संबल योजना का लाभ दिलाने, भू-अधिकार पट्टा दिलाने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने व आर्थिक सहायता दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।

कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम छिन्दी के श्री शेख अनीस ने मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने, ग्राम चांवलपानी के श्री मोतीलाल साहू ने शासकीय भूमि का पट्टा प्रदाय किये जाने, दमुआ नन्दन के वार्ड नंबर-6 की श्रीमती अनीता बट्टी ने समग्र आईडी में पुनः नाम जुड़वाने, उमरेठ के श्री किसन शीलू ने स्थायी जाति प्रमाण पत्र बनाने, चान्दामेटा के श्री सुक्कू यादव ने संबल योजना का लाभ दिलाने, उमरेठ निवासी श्रीमती नान्ही बाई ने विधवा पेंशन दिलाने, ग्राम मायावाड़ी के वार्ड नंबर-01 के श्री लीलाधर डेहरिया ने भूमि का सीमांकन करने, ग्राम पंचायत मुआरी के सरपंच ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन का कार्य कराने, जुन्नारदेव के वार्ड नंबर-19 की श्रीमती ज्योति सल्लाम ने लाड़ली बहना योजना की राशि दिलाने, जुन्नारदेव के वार्ड नंबर-3 के श्री नूर मोहम्मद ने पैतृक कृषि भूमि का राजस्व अभिलेख नक्शा रिकॉर्ड आदि दुरूस्त करवाने, सावरी बाजार मोहखेड़ की श्रीमती सत्या बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना की तीसरी एवं चौथी किस्त दिलाने, ग्राम पिपरियाकला के श्री रामप्रकाश ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने एवं छिंदवाड़ा नगर के खजरी निवासी श्यामलाल बारमाटे ने पेयजल समस्या का निराकरण करने आदि आवेदनों में जनसुनवाई हुई।

## यूनिफार्म खरीदी पर चल रहा कमीशन का खेल, अपने चहेतों से कपड़ा खरीदने का दबाव बना रहे वकोली के कुछ अधिकारी

**परासिया।** वेकोली पेंच क्षेत्र में इन दिनों यूनिफार्म की खरीदी पर कुछ अधिकारीयों ने कमीशन का खेल शुरू कर दिया है । वे कामगारों पर अपने करीबी और रिश्तेदार कपड़ा व्यापारियों से यूनिफार्म के लिए कपड़ा खरीदने का दबाव बनाने से बाज नहीं आ रहे हैं ।कोल इंडिया के द्वारा वकोली अधिकारिओं और कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड लागू किया गया है । जिसके लिए कंपनी ने अधिकारीयों और कर्मचारियों के खाते में 12500 रूपए भी डाल दिए है । आगामी 23 तारीख से वकोली कामगारों को निर्धारित यूनिफार्म में ही काम पर जाना है । अब यूनिफार्म सिलवाने के लिए कपड़े खरीदने का सिलसिला जारी है । जिसमें कमीशन का खेल भी शुरू हो गया है । वकोली के कुछ अधिकारी अपने चहेतों से कपड़ा खरीदने के लिए दबाव बना रहे हैं । सूत्रों से पता चला है , विष्णुपुरी कोयला खदान में छिंदवाड़ा के कुछ कपड़ा व्यवसायी पहुंच रहे हैं । पता चला है , कि एक व्यवसासी तो खदान में पदस्थ एक अधिकारी का रिश्तेदार है । इसी तरह जी एम ऑफिस में पदस्थ एक अधिकारी जो उरधन कोयला खदान में भी रह चुके हैं , उनके द्वारा अपने मातहत कर्मचारियों पर उनके बताये हुए व्यापारी से ही कपड़े खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है ।



## पदभार ग्रहण नहीं करने से स्कूलों में हो रहा बच्चों का नुकसान

# स्थानांतरण रुकवाने नेताओं की चौखट पर लग रही हाजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

हाल ही में प्रदेश सरकार की ओर से बड़े पैमाने पर शिक्षा विभाग में स्थानांतरण किए गए हैं। परंतु लंबा समय गुजर जाने के बावजूद भी स्थानांतरित हुए कर्मचारियों को रिलीव नहीं किया जा रहा है, कई कर्मचारियों को रिलीव किया गया है परंतु उनके द्वारा पदभार ग्रहण नहीं किया जा रहा है।जिसके चलते शिक्षा विभाग एवं स्कूलों अध्यापन की व्यवस्थाएं बिगड़ती हुई नजर आ रही है। जानकारी निकालने पर पता चला है कि कई शिक्षको एवं कर्मचारियों के स्थानांतरण होने के बाद भी जानबूझकर स्कूलों में शिक्षक एवं कर्मचारी जॉइनिंग नहीं करते हुए अपने स्थानांतरण को निरस्त करने के लिए अधिकारियों के साथ-साथ सत्तापक्ष एवं विपक्ष के जनप्रतिनिधियों के चक्कर लगा रहे हैं। चर्चा है कि हाल ही में स्थानांतरित हुए एक चर्चित शिक्षक को लेकर सत्तापक्ष के जनप्रतिनिधि ने स्थानांतरण निरस्त मामले में जमकर फटकार भी लगाई है। स्थानांतरित हुए कर्मचारियों को शिक्षा विभाग सौसर में बैठे हुए अधिकारियों के द्वारा ज्वाइन करने के लिए निर्देशित भी किया जा रहा है। बावजूद इसके कर्मचारियों के द्वारा जानबूझकर अपना मनपसंद क्षेत्र पाने के जुगाड़ में जॉइनिंग नहीं की जा रही है। वर्तमान में मांह जुलाई सत्र और स्कूल चालू हो चुकी है,इसके पश्चात भी स्थानांतरित हुए कर्मचारी के द्वारा स्चुलो में पदभार ग्रहण ना करते हुए अपने राजनीतिक आकाओ से स्थानांतरण निरस्त करने के लिए जुगाड़ लगाने की प्रक्रिया में लगे हुए हैं।शिक्षा विभाग से स्थानांतरित हुए कर्मचारियों के द्वारा पदभारग्रहण नहीं करने के चलते नगरीय ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होने वाली स्कूलों में छात्र-छात्राओं का अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है, वही स्थानांतरण रुकवाने के जुगाड़ में कई कर्मचारियों के द्वारा मेडिकल अवकाश का सहारा लिया जा रहा है, शिक्षा विभाग से स्थानांतरित हुए कर्मचारियों के द्वारा पदभार ग्रहण नहीं करने को लेकर शिक्षा विभाग में तरह-तरह की चर्चाये की जा रही है।

## बीसापुर कलां में जनभागीदारी से बृहद पैमाने पर वृक्षारोपण

छिंदवाड़ा। एक पेड़ मां के नाम अभियान‍ के अंतर्गत मोहखेड़ खंड के लिंगा सेक्टर अंतर्गत ग्राम-बीसापुर कलां अवस्थित मोक्षधाम के रिक्त भूमि में कलेक्टर छिंदवाड़ा श्री शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) श्री सुधीर कुमार जैन,सीईओ मोहखेड़ श्री राहुल कुमार पटेल,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ललिता विलास घोंघे,पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री सदन साहू, मंडल अध्यक्ष श्री घनश्याम कड़वे,बईओ श्री खापरे,बी आर सी श्री संगीत जैन,श्री अरविंद भट्ट जनपद सदस्य श्री चैतराम अमृते,सरपंच श्री वेद सिसोदिया,उपसरपंच श्री खेमकरण साहू,श्री अरुण बोरकर,श्री रूपेंद्र शेरके के हस्ते



वृक्षारोपण किया गया।। इस दौरान एसडीएम श्री जैन ने बच्चों को संबोधित कर वृक्षारोपण के महत्व को बताया एवं सभी को इस अभियान में जुड़ने का आव्हान किया। सीईओ श्री राहुल पटेल ने बारिश में अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनका संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में पूर्व जनपद सदस्य। श्री बेनी मोहने,पटवारी श्री सुभाष माहोरे, श्री ओमकार मालवीय,डॉ हेमंत दुबे,श्री हजारी धुर्वे,श्री लोकेश विश्वकर्मा,श्री भगवान सिंह उईके,श्री दीपक प्रजापति, पंच श्री महादेव मालवी,श्रीमती शिखा अमृते,शांता कोलारे,श्रीमती ममता इंदौरकर ,सविता सोनी , जनपद पंचायत मोहखेड़ के उपयंत्री श्री बृजमोहन पावर,श्री लक्ष्मीकांत सोनी,श्री अनिल सनोडिया,श्री नरेश भूषणकर ,श्री सागर साहू ,पंकज घोरसे,श्री हरिश्चंद्र मदनकर,नंदकिशोर बरपेते, श्री किशोर सतपुते,श्री संजय डहरिया ,श्री मोहित महेंत ,श्री दीपक अमृते,श्री अभिषेक बंदेवार,श्री महेश चौरिया,दीपेश सोनी,जीवन मोहने,श्री रामकृष्ण अमृते, घनश्याम मिनोटे,सुरेश सोनी,श्री मोरे चरपे एवं जन अभियान परिषद से नवांकुर संस्था- प्रभात युवा विकास मंडल एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिवार द्वारा प्रथम दिवस कुल 120 पौधे लगाए गए। इस अभियान में ग्राम बीसापुर कलां से गायत्री परिवार,बीज भंडार विक्रेता संघ,स्वसहायता समूह, स्थानीय व्यापारी संघ,स्थानीय स्तर के पदस्थ शासकीय सेवकों के द्वारा 500 पौधे उपलब्ध कराये गए। सरपंच श्री वेद सिसोदिया ने बताया कि यह अभियान आगे भी सतत जारी रहेगा।

## 17 जायरीनों का जत्था मक्का मदीना शरीफ उमराह के लिए रवाना



**सिंगोड़ी**: मंगलवार को सिंगोड़ी रजोला के करीब 17 जायरीनों का जत्था मक्का मदीना शरीफ उमराह जाने के लिए निकला। उमराह जाने वाले जायरीनों का सिंगोड़ी जामा मस्जिद के इमाम हाजी हाफिज नौसाद आजमी हाफिज इदरीस वारसी अंजुमन कमेटी सदर इलमन भाई सहित खकरा चौरई,रजोला, पिंडरई डबीर अंजुमन कमेटीयो के जबावदारो ने फूल मालाओं से स्वागत सत्कार किया। वही सदर इलमन मिस्किनी ने बताया की सिंगोड़ी के मस्तान भाई,सद्दाम भाई, खुर्सिद भाई, हैदर भाई इरफान भाई अलीम भाई सहित अन्य 17 महिला पुरुष जायरीन मुंबई फ्लाइट से सऊदी स्थित मक्का और मदीना पहुचेंगे। इस दौरान अब्दुल सलाम,मुबीन भाई, अन्नी इमरान, अब्दुल कादर,शेख जाकिर, शहाबुद्दीन भाई नसीम भाई सोनु भाई,सानु मामा, अब्दुल कदीर, आशीष जैन, शालू अंसारी,सलीम अंसारी,जफर बाबा,पत्रकार शफीक मिस्किनी, जाहिद मंसूरी, जिब्राइल अंसारी,योगेश चौरसिया सहित सैकड़ो गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# बीआरसी ने ली प्राइवेट स्कूलों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

समस्त अनुदान प्राप्त/गैर अनुदान प्राप्त / मदरसा के प्रधान पाठकों की बैठक कन्या शिक्षा परिषद में संपन्न हुई। जिसमें विद्यार्थियों की शिक्षा पोर्टल पर मैपिंग तथा छात्रवृत्ति सम्बन्धी सहित अन्य जानकारियां साझा की गई।बी आर सी ने प्राइवेट स्कूलों के शिक्षकों की बैठक में विद्यालय प्रबंधन से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई ।और आगामी कार्यों के लिए निर्देश जारी किए गए।बैठक के दौरान बीआरसी अरविंद डेहरिया, अरविंद तिवारी ने सभी निजी विद्यालयों को यू-डाइस (U-DISE) पोर्टल पर विद्यार्थियों की संपूर्ण जानकारी अद्यतन करने के निर्देश दिए।अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि यह कार्य समय-सीमा में पूर्ण किया जाए ताकि शासन की योजनाओं का लाभ बच्चों तक सुचारू रूप से पहुंच सके।इसके साथ ही छात्रवृत्ति की कार्यवाही करने की समझाइए दी गई। प्राइवेट स्कूलों में विद्यार्थियों की स्कूल फीस ,पाठ्यपुस्तकों की जानकारी देने के लिए कहा। इस अवसर पर सभी निजी विद्यालयों के शिक्षक एवं प्राचार्य उपस्थित रहे और आवश्यक जानकारी नोट की।

# आबकारी पुलिस ने पकड़ी 6 लीटर कच्ची शराब



**परासिया** : परासिया वार्ड 8 चक्की मोहल्ले से आबकारी पुलिस ने 6 लीटर कच्ची शराब पकड़ी । कच्ची शराब बेचने वाला आबकारी की गाड़ी देखकर फरार हो गया । चक्की मोहल्ले में एक निजी भूमि के समीप लगे नाले के किनारे ठिया बनाकर कच्ची शराब बेची जा रही थी । जिसकी सूचना मिलने पर आबकारी अधिकारी जीत सिंह धुर्वे , दीपाली झारिया और प्रियंका सरेयाम मोके पर पहुंचे । मौक़े पर कच्ची शराब की कुछ बोतले मिली जिन्हें जब्त कर लिया गया ।

# फरार इनामी वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

समय सीमा के भीतर वारंटियो को न्यायालय में पेश करने के आदेश के परिपालन में जुन्नारदेव थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार बघेल के आदेशानुसार डुंगरिया चौकी प्रभारी अंजना मरावी ने अपने सूचना तंत्र सक्रिय करते हुए उस मिशन पर कार्य किया ।तब चौकी प्रभारी अंजना मरावी ने विगत 07 सालो से



फरार चल रहे पांच हजार के इनामी स्थायी वारंटी चंपू पिता नुलसा कुमरे उम्र 20 साल को थाने के एक अपराध क्रमांक 285/19 धारा 25/27आर्म्स के स्थायी वारंटी को बड़ी हिक्मत अमली व सूझबूझ से छिंदवाड़ा से गिरफ्तार कर उसे सक्षम न्यायालय में पेश किया गया।इस संपूर्ण धरपकड़ कार्यवाही में डुंगरिया चौकी प्रभारी अंजना मरावी आरक्षक क्रमशः रामावतार तिवारी कमलेश साइबर सेल से आ.नितिन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही

## नगर में निकाली गई जिनवाणी पालकी की शोभायात्रा

**चौरई।** आत्म निष्ठ साधिका पूज्य सुषमा दीदी जी का धर्म नगरी चौरई में पावन वर्षायोग इस वर्ष चौरई में हो रहा है यह अवसर श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास से तारण तरण जैन चैत्यालय जी मनाया जाएगा इस अवसर पर दिनांक 14/07/25 दिन सोमवार को प्रातः 7:30 बजे भावपूजा का मंदिर प्रातः 8:30 बजे – स्वल्पाहार तत्पश्चात भव्य शोभायात्रा निकाली गई उसके पश्चात संगीतमय विशेष मंदिर विधि अंत में – सामाजिक पात्र भावना का आयोजन किया गया जिसमें संपूर्ण जैन समाज को मंगल आमंत्रण दिया गया एवं सभी जैन समाज के लोगों ने धर्म लाभ लिया।



## स्वच्छता अभियान को तार तार करता दिखा लांजी नगर परिषद, स्वच्छता अभियान को मुंह चिढ़ा रही नालियां और गलियां

# कचरे का उठाव नहीं होने से लाँजी नगर में बिखरी रहती है गंदगी

हरिभूमि न्यूज लांजी।







नगर परिषद नगर की बेहतर सफाई का दावा भले ही करती हो, लेकिन नगर से कूड़ा उठान से लेकर निस्तारण की ठोस व्यवस्था नहीं कर पाई है। कचरे से नगर की आब-ओ-हवा तो प्रदूषित हो ही रही है, भू-गर्भ जल में भी जहर घुल रहा है। ऐसा कोई इलाका नहीं, जहां कचरे के ढेर न लगे हों, मगर विकल्प होते हुए भी कूड़ा निस्तारण की मुकम्मल व्यवस्था नहीं हो पाई। वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट का खाका जरूर तैयार किया गया है, लेकिन धरातल पर अभी शुरूआत नहीं हो पाई है। हालांकि पालिका के रिकार्ड में पिछले पांच साल से यही आंकड़ा है। निस्संदेह कचरे की मात्रा बढ़ गई होगी। संसाधन बढ़े हैं, पर समस्या पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। मुख्य मार्ग से लेकर कोई भी गली-मोहल्ला ऐसा नहीं है, जहां कूड़े के ढेर न लगे हों। आवारा पशु मुंह मारकर कूड़ा फैलाते देखे जा सकते हैं। लाँजी नगर में इन दिनों साफ-सफाई व्यवस्था ध्वस्त होती जा रही है। हालत यह है कि वार्डों में नियमित कचरे का उठाव तक नहीं हो रहा। इस वजह से मुख्य मार्गों से लेकर गली-मोहल्लों में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं। हालांकि यह स्थिति नगर परिषद के अधिकारियों से भी छिपी हुई नहीं है। लेकिन इसके बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।बारिश के सीजन में नगर की कालोनियों के साथ चौक-चौराहों पर कूड़े के ढेर बढ़ने लगे हैं। नप की गाड़ीयां भी कालोनियों व बाजारों में भी डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के लिए नियमित नहीं आ रही हैं। इस वजह से वार्ड वासियों में नगर परिषद के प्रति आक्रोश है। बता दें कि नगर को साफ स्वच्छ बनाए रखने के लिए नगर पालिका के पास पर्याप्त सफाई कर्मचारी होने के साथ डोर डू डोर कचरा लेने के साथ उक्त कचरे को ट्रंचिंग ग्राउंड पर ले जाने के लिए पर्याप्त मात्र मे डोर-टू-डोर वाहन और ट्रैक्टर हैं। इसके बावजूद बारिश के सीजन में नगर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से खराब है।

**महज कागजो में दौड़ रहा नप का स्वच्छता अभियान:** स्वच्छता अभियान को लेकर सरकार लाखो रुपये खर्च कर रही है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत का निमार्ण हो सके वही नगर परिषद लाँजी के द्वारा शासन का लाखो रुपया स्वच्छता अभियान को लेकर खर्च तो किया जा रहा है सिर्फ कागजो और पोस्टर पेंटिंग पर और बचा हुआ पैसा अधिकारीयो के जेब मे अगर जमीनी हकीकत पर देखा जाये तो नगर में चारो और से पूरी तरह गन्दगी की गिरफ्त में है।

नगर के वार्ड वासी मच्छरों और दुर्गंध में रहने को मजबूर साफ सफाई न होने से पनप रही गन्दगी वार्डवासियों ने बताया कि पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से घरों से निकलने वाला गंदा पानी बारह महीने जमा रहता है, जिससे हमेशा मच्छरों का प्रकोप बना रहता है,वहीं गंदे पानी की दुर्गंध से रहना दुश्वार हो गया है अब बात करे नगरीय क्षेत्र के नेताओं की तो जो बोट ले गए पर सुध नही ली आज तक आकर हमारे मोहल्लो में आकर समस्याओं को नहीं देखा है चुनाव के समय नेताओं और पार्षदों ने मूलभूत सुविधाएं देने का वादा किया था तो वोट बटोर ले गए थे अब तक नहीं लौटे हैं ऐसे जन प्रतिनिधि है चुनाव के समय सैकड़ो की तादाद में सफेदपोश नेता नजर आते है पर इस ऐसे समय में कोई नजर नही आ रहा है।

**सीएमओ के आश्वासन के बाद भी नगर से नहीं उठ पाया कचरा:** कुछ दिन पूर्व नगर में पहले कचरे को लेकर लांजी नगर परिषद सीएमओ मयूर वहाने से चर्चा की गई थी तो उन्होंने कहा था कि नगर की जनता हमें दो दिन का टाइम दे दो दिन के बाद नगर से शहर कचरा साफ हो जाएगा परंतु आज आठ दिन बीत जाने के बाद भी नगर से कचरा नहीं उठ पाया है जिससे वार्ड वासी नगर परिषद की कार्यप्रणाली के प्रति आकर्षित है। वार्ड वासियों ने कहा कि सावन के पवित्र माह में भी नगर परिषद के द्वारा यह कचरा नहीं उठाया जा रहा है यह बड़ा चिंतनीय विषय है।

**पार्षदों के घर सफाई कर्मी करते हैं सफाई:** नगर के वार्ड वासियों का कहना है कि लांजी नगर परिषद के कुछ ऐसे पार्षद है जिनके घरों में नगर परिषद के सफाई कर्मचारी काम करते नजर आते हैं पर उन पार्षदों को यह नहीं दिखता कि उनके वार्डो में कचरो के ढेर लगे हुए हैं। चुनाव में बड़े-बड़े वादे कर कर पार्षद तो बन जाते हैं परंतु नगर परिषद से सिर्फ यह अपने स्वयं का लाभ उठाते हैं वार्ड की जनता पर इनका कोई ध्यान नहीं होता है। इसी का खामियाजा आज वार्ड वासियों को भुगतना पड़ रहा है और गली-गली में कचरो का ढेर श्रावण मास के पवित्र माह में देखना पड़ रहा है।

## अंडर 14 सब जूनियर बॉयज अंतर जिला फुटबाल प्रतियोगिता का वारासिवनी में हुआ शुभारंभ



### पहले दिन बालाघाट ने मंडला व सिंगरौली ने बैतूल को हराया

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन द्वारा बालाघाट जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वावधान में गौरव सिंह पारधी अध्यक्ष जिला फुटबाल संघ के मार्गदर्शन में अंडर 14 सब जूनियर बॉयज इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता का 6 दिवसीय आयोजन रानी अवंतीबाई स्टेडियम वारासिवनी में प्रारंभ किया गया हैं।

संपूर्ण प्रतियोगिता लीग पद्धति के आधार पर खेली जायेगी। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के 8 जिलों की टीम भाग ले रही हैं। जिसमें पहला मैच 15 जुलाई को बालाघाट एवं मंडला के मध्य खेला गया। जिसमें बालाघाट की टीम ने 10-0 से मंडला टीम पर विजय प्राप्त की। लीग का दूसरा मैच बैतूल एवं सिंगरौली के मध्य खेला गया, जिसमें सिंगरौली टीम ने 4-0 से बैतूल टीम को परास्त किया।

इस अवसर पर मैच कमिश्नर शाहरुख कुरैशी, निर्णायक मंडल मुकेश तेलासे बालाघाट, नवीन छिंदवाड़ा, अजल सिंह ठाकुर बालाघाट, शिवानंद नैनपुर, अतिथि दिलीप वासनिक, आशीष राठौर, शैलेंद्र पारधी, देवेंद्र चौधरी, गणेश सिंह ठाकुर, संदीप भगत, कीर्ति तुरकर, गौरव पाचे एवं समस्त खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

मध्यप्रदेश फुटबाल संघ संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक गौरव सिंह पारधी ने बताया कि यह राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन वारासिवनी में कराया जा रहा हैं। जिसमें से चयनित खिलाडिय़ों को नेशनल के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा और उसमें चयनित खिलाड़ी नेशनल टीम के लिए खेलते हुए नजर आएंगे।

## बाइक की टक्कर से स्कूली छात्रा घायल

**कटंगी।** घर से स्कूल की तरफ जा रही एक छात्रा को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया गया है. घटना कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम कामठी से खैरलांजी मुख्य सड़क मार्ग की है. कामठी निवासी युवराज शेन्द्रे की 13 वर्षीय पुत्री स्वाति शेन्द्रे प्रतिदिन की तरह मंगलवार 15 जुलाई की सुबह करीब 11 बजे खैरलांजी स्कूल की तरफ जा रही थी. जिसे बासी निवासी राजा सैययाम ने बाइक क्रमांक एमएच 49 डब्ल्यू 9023 से टक्कर मार दी. हादसे के वक्त में राजा के साथ बासी निवासी कृष्णा पटले भी सवार था. घायल छात्रा को स्थानीय लोगों ने एक अन्य बाइक से सरकारी अस्पताल कटंगी पहुंचाया. जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार प्रदान कर छात्रा को बेहतर उपचार के लिए दोपहर साढ़े 12 बजे जिला अस्पताल बालाघाट रेफर कर दिया गया है।

# 5 करोड़ 25 लाख रूपये की लागत से नवीन जनपद पंचायत भवन का होगा निर्माण

### विधायक विवेक पटेल ने मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल का जताया आभार

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी जनपद पंचायत परिसर में बनने वाला नया जनपद पंचायत भवन अब नए लुक में दिखाई देगा। विधायक विवेक विक्की पटेल के प्रयासों के बाद 5 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से नवीन जनपद पंचायत भवन का निर्माण किया जाएगा। जिसकी स्वीकृति मध्यप्रदेश शासन द्वारा मिल चुकी है, निर्माण कार्य भी बहुत जल्द प्रारंभ किया जाएगा। पहले जनपद पंचायत भवन के आगे का हिस्सा झोपड़ी नुमा बनाया जाता था, परंतु अब जनपद पंचायत भवन के नए ड्राइंग में झोपड़ी नुमा डिजाइन को हटाते हुए अन्य रूप में भव्यता प्रदान की जाएगी। नवीन जनपद पंचायत भवन की स्वीकृति मिलने के बाद विधायक विवेक विक्की पटेल ने प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का आभार व्यक्त किया हैं।




**मुख्यमंत्री से मुलाकात कर नवीन जनपद पंचायत भवन बनवाने की मांग की थी:** वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल ने बताया कि बालाघाट जिले में सबसे ज्यादा काम वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र में हो रहे हैं। विधायक बनने के बाद हमने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल से मुलाकात कर वारासिवनी में नवीन जनपद पंचायत भवन बनवाने की मांग की थी। जिसके बाद उन्होंने हमारी बातों को गंभीरता से लेते हुए 5 करोड़ 25 लाख रुपए की राशि नवीन जनपद पंचायत भवन के लिए स्वीकृति दे दी हैं। इसका कार्य भी बहुत जल्द प्रारंभ हो जाएगा। नवीन जनपद पंचायत भवन बनने के बाद पंचायतों के विकास कार्य तीव्र गति से होगा। पंचायत के लोगों को सारी सुविधाएं पंचायत स्तर पर ही मिल सकेगी, भवन का वातावरण अच्छा हो, तो काम करने में भी कर्मियों को अच्छा लगता हैं। पंचायत भवन के निर्माण के बाद लोगों को एक आधुनिक और बेहतर सुविधा मिलेगी। जनपद पंचायत भवन के कार्य और बैठकों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान भी होगा, नवीन जनपद पंचायत भवन के निर्माण से क्षेत्र में विकास को और बढ़ावा मिलेगा।

# विद्यार्थियों को कुत्ते ने काटकर किया घायल : अस्पताल में करीब 6 माह से नहीं टिटनेस टॉक्साइड इंजेक्शन

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी शहर के पाथरवाड़ा रोड़ पर दो अलग-अलग स्थानों में एक सफेद रंग के पागल कुत्ते ने दो स्कूली विद्यार्थियों को काटकर बुरी तरह से घायल कर दिया है. घायल बच्चों को तत्काल सरकारी अस्पताल कटंगी में प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है. घटना मंगलवार की शाम 05 बजे के आसपास की है. प्राप्त जानकारी अनुसार दोनों ही घायल छात्र समर वैली स्कूल के विद्यार्थी है. स्कूल से छुट्टी होने के बाद वार्ड क्रमांक 08 पाथरवाड़ा निवासी संजय सोनी का पुत्र पार्थ सोनी जो कक्षा 06 का छात्र है वह पैदल अपने घर की जा रहा था जिसें खजरी-खमरिया बाइपास में कुत्ते ने काटकर गंभीर रुप से घायल कर दिया. इस घटना के ठीक कुछ देर बाद वार्ड क्रमांक 01 निवासी महेन्द्र परिहार की पुत्री आरूषी परिहार जो कक्षा 10 की छात्रा है और स्कूल से छुट्टी के बाद वह साईकिल पर सवार होकर ट्यूशन जा रही थी उसे पाथरवाड़ा रोड़ पर कुत्ते ने काट लिया. दोनों को सरकारी अस्पताल कटंगी लाया गया. यहां पर घायल छात्रों को एंटी-रेबीज़ वैक्सीन लगाई गई लेकिन अस्पताल में टिटनेस टॉक्साइड का इंजेक्शन मौजूद नहीं होने की जानकारी सामने आई. जिस कारण परिजनों को बाजार से इंजेक्शन खरीद कर लाना पड़ा. पता करने पर जो जानकारी सामने आई और भी चौंकाने वाली है. अस्पताल में करीब 06 माह से टिटनेस का इंजेक्शन नहीं है. कुत्ता संदिग्ध होने और काटने की स्थिति गंभीर होने की वजह से छात्रों को ह्यूमन रेबीज़ इम्यूनोग्लोबुलिन इंजेक्शन के लिए बालाघाट रेफर किया गया है।





## खबर संक्षेप

### आज खोलें जाएंगे भीमगढ़ बांध के तीन गेट

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कार्यपालन यंत्री पी एन नाग द्वारा बताया गया कि भीमगढ़ का दिनांक 15 जुलाई 2025 को जल स्तर 517.10 मीटर तक पहुंच गया है। जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए बांध के 16 जुलाई को प्रातः 8 बजे अतिरिक्त जल को क्रमांक 5,6 एवं 7 को खोलकर 20000 घन फीट प्रति सेकंड की दर से बैनगंगा नदी में प्रवाहित किया जायेगा। जिससे नदी का जलस्तर बढ़ाने की संभावना है।

### रोजगार एवं स्वरोजगार मेले का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार शिक्षित बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार में संलग्न किये जाने के उद्देश्य से बुधवार 16 जुलाई 2025 को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे शासकीय आई.टी.आई. वायपास चौक (बरघाट रोड), सिवनी में युवा संगम कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय रोजगार,स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा हैं।

## स्मार्ट बिजली मीटर बना स्मार्ट लूट का जरिया

# आम जनता की खून पसीने की कमाई को लूट रहा स्मार्ट मीटर बिजली बिल

**मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, ने स्मार्ट मीटर के नाम पर सिवनी सहित केवलारी नगर परिषद सहित केवलारी विधानसभा क्षेत्र के लगभग सभी ग्रामों के ग्रामीण विद्युत उपभोक्ता इन दिनों स्मार्ट मीटर के स्मार्ट विद्युत बिलों से परेशान हैरान,और साथ ही आक्रोश में देखे जा रहे। हर जगह इन दिनों चौक चौराहों में दुकानों में इन्ही बढे हुए स्मार्ट बिजली बिलों की चर्चायें चल रही है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जहां एक ओर मध्य प्रदेश शासन के आम जनता को विभिन्न विभागों के माध्यमों से जन हितैषी कार्य करने का दावा किया जा रहा है, वही दूसरी ओर सरकार के ही अंतर्गत आने वाले मध्य प्रदेश विद्युत पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के द्वारा आम नागरिकों को आए दिन विद्युत मीटर की वजह से अनाप-शनाप विद्युत बिल आने की समस्या आ रही हैं। समय के हिसाब से विद्युत विभाग ने आमजनता को नई तकनीक के उद्देश्य से सरकार ने उन पुराने बिजली मीटरों के बदले नए स्मार्ट मीटर जैसा कि आप नाम से समझ ही गए होंगे स्मार्ट मीटर का मतलब कि इसका कंट्रोल विद्युत विभाग के मुख्यालय में रहेगा।

जहां से इन स्मार्ट मीटर की मॉनिटरिंग, बिजली उपभोक्ताओं के बिजली उपभोग की प्रत्येक जानकारी मीटर रीडिंग और यहां तक की रखरखाव का मेंटेनेंस देख रेख किए जाने की व्यवस्था,साथ ही बिजली बिल उपभोक्ताओं के द्वारा किन्हीं कारणों से बिजली बिल नही चुकाने पर उसी कंट्रोलिंग सिस्टम से बिना पूर्व सूचना के बिजली काटने की भी



व्यवस्था की गई हैं। पुनः बिजली कनेक्शन के लिए जुर्माना ,फाइन शुल्क के साथ जोड़ने की भी व्यवस्था सरकार ने की हैं। जहां सरकार ने इन स्मार्ट मीटर को लगाकर आम नागरिकों को सब्जबाग दिखलाकर की इन स्मार्ट बिजली मीटरों से ईमानदारी से बिल आएंगे साथ ही मीटर बिलों से राहत की बड़ी बड़ी बातें की गयी।

परंतु इन स्मार्ट मित्रों के लगने के बाद से मध्य प्रदेश की आम जनता सहित केवलारी विधानसभा के बिजली उपभोक्ता इन दिनों आ रहे अत्यधिक बढ़े बिजली बिलों की मार से जूझ रहे हैं।

आम जनचर्चा है की मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के द्वारा इन स्मार्ट मित्रों के माध्यम से प्राइवेट कंपनियों के हाथों में विद्युत विभाग का संचालन करने की जो खुली छोड़ दी है उससे आम जनता खुले आम लुट रही है।जिससे,जनता में बहुत आक्रोश व्याप्त है।

कुछ ही दिनों पहले दमोह जिले में भी आम जनता बिजली उपभोक्ताओं ने अपने घरों से इन स्मार्ट मीटरों को अपने घरों से निकाल कर सड़कों पर फेंक कर उनमें आग लगाई थी। ऐसा ना हो की है यही आक्रोश भी सिवनी जिले में आने वाले दिनों में देखने को मिले इन स्मार्ट मीटर के द्वारा जो बिल उपभोक्ताओं को दिया जा रहा है यदि उन उपभोक्ताओं के विगत साल भर के पुराने मीटरों की रीडिंग और इन स्मार्ट मीटरों की रीडिंग में देखा जाए तो जमीन आसमान का अंतर दिखता है।

एक ग्रामीण उपभोक्ता ने बताया कि पिछले फरवरी 25 माह से लेकर मई 2025 तक उनका बिल 100 के अंदर आता था। जो कि अब जून 25/ जुलाई 25 में लगभग 1500 रुपये के आसपास आ रहा है। वहीं दूसरी ओर एक अन्य उपभोक्ता ने बताया कि उसका बिजली बिल फरवरी 2025 से लेकर अप्रैल 2025 तक डेढ़ सौ रुपए के अंदर बिजली बिल आता था जो कि आप 1800 से लेकर 4000/-रुपए के बीच आना शुरू हो गया ऐसे में देखा जाये तो पूरे क्षेत्र में सैकड़ों बिजली बिल उपभोक्ता होंगे ,जो मध्य प्रदेश पूर्व विद्युत वितरण लिमिटेड कंपनी के स्मार्ट मीटरों के बिजली बिलों से लुट रहे होंगे ।

आम जनता जब इन बढ़े हुए बिजली बिलों को लेकर स्थानीय बिजली विभाग के अधिकारियों के पास उन बिलों को लेकर जाते है तो बिजली विभाग के अधिकारी भी इन बढ़े हुए बिजली बिलों की समस्या से आम जनता को राहत नहीं दिला पा रहे हैं।

ऐसे में मध्य प्रदेश सरकार के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव से और म प्र सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रधुम्न सिंह तोमर से आम जनता ने अपील किए हैं की इन स्मार्ट मीटरों को उपभोक्ताओं के घरों से निकाल कर पुराने तकनीक के बिजली मीटर लगवाने की मांग की है ताकि उन पुराने मीटरों में आम जनता को सही रीडिंग और सही बिजली बिलों का आकलन करना भी सरल होता था। अन्यथा आने वाले दिनों में आम जनता का आक्रोश मध्य प्रदेश विद्युत मंडल और मध्य प्रदेश शासन के जनप्रतिनिधियों को भुगतना पड़ेगा।

## सांसद एवं डी आर एम रेलवे को विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

# केवलारी स्टेशन में पेंच व्हेली ट्रेन का हुआ भव्य स्वागत

**केवलारी, पलारी,नैनपुर, मण्डला, क्षेत्र में रेल यात्री सुविधाओं को बढ़ाना एवं स्टापेज की मुख्य माँगे**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

केवलारी, देश आजाद हुए लगभग 78 वर्ष होने को जा रहे है, इसके पहले अंग्रेजों ने राज किया इन अंग्रेजों ने अपनी व्यापारिक उद्देश्यों से पूरे भारतवर्ष में ट्रेनों का संचालन किया,अंग्रेजों के द्वारा बिछायी गयी नेरोगेज ट्रेनों में लगभग 120 वर्षों तक बड़े ही संघर्षों के साथ यात्रा करना पड़ता था, जिसमें समय बहुत लगता था छोटे छोटे रे डिब्बों में यात्रा करना पड़ता था। लगभग 60-62 वर्षों के बाद इस आदिवासी अँचल के गरीब,मजदूर,आर्थिक रूप से अत्यंत ही पिछड़े क्षेत्र,सिवनी, केवलारी,घँसौर, मण्डला,के लिए जबसे केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार आयी हैं, तब से इन विकास की दौड़ में पिछड़े जिलों को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव,पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते के द्वारा आम जनता की माँग पर रेल सुविधाओं के बढ़ने का सिलसिला शुरू हो गया। जिसके चलते



पेंचव्हेली ट्रेन का संचालन सिवनी से बढ़ाकर नैनपुर जंक्शन से शुरू की गई।इस अवसर पर केवलारी जागरूक नागरिक मंच के सुधीर पाण्डे सांसद प्रतिनिधि, हाजी रफ़ीक खान,एडव्होकेट पवन यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते, एवं दी एम आर दीपक कुमार गुप्ता को पातालकोट एक्सप्रेस ट्रेन नम्बर 20423/20424 सिवनी फिरोजपुर पंजाब को मण्डला से चलाई जाए,केवलारी रेलवे स्टेशन में रेलवे आरक्षण टिकट बुकिंग खिड़की खोली जाए। केवलारी रेलवे स्टेशन में रीवा इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन का 2 मिनट का स्टॉपेज केवलारी रेलवे स्टेशन में 2 मिनट की स्टॉपेज से लगभग 200 गांव की जनता को रीवा नागपुर जाने आने का साधन सुलभ होगा । राजस्व की की दृष्टि से पलारी रेलवे स्टेशन में पेंचव्हेली ट्रेन,शहडोल नागपुर ट्रेन,रीवा इतवारी ट्रेन का स्टापेज देने की मांग ज्ञापन में कई गयी। आदिवासी बहुल क्षेत्र को बड़ी रेल,ब्राडगेज सुविधा दिलवाने वाले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, स्थानीय सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते,रेलवे विभाग के रेल महाप्रबंधक, रेलवे के कमर्शियल विभाग,एवं नागपुर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के डी आर एम दीपक कुमार गुप्ता से महोदय से शीघ्र ही इन माँगो की ओर ध्यान देते हुए,शीघ्र ही रेल सुविधाओं को बढ़ाने की अपील की गयी हैं।

# पंचायत में सचिव के ना रहने से काम हो रहा प्रभावित,ग्रामीण परेशान जिम्मेदार कब देगें ध्यान

**सोनखार(प्रदीप तिवारी)सिवनी जिले की संवेदनशील विधानसभा केवलारी जनपद के अंतर्गत आने वाली उप तहसील उगली की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत उगली में विगत माह मध्य प्रदेश शासन के नियम अनुसार ट्रांसफर का जो शासकीय प्रशासकीय कार्यक्रम चला है।**





उसके तहत पूरे मध्यप्रदेश में सरकारी कार्यालय में जमे हुए लंबे समय से अधिकारी कर्मचारियों का तबादला हुआ है, उसी कड़ी में ग्राम पंचायत उगली में पदस्थ सचिव छत्रपाल टेम्भ्रे जो वर्ष 2010 से ग्राम पंचायत उगली में पदस्थ थे, और लगभग अपने 15 वर्षों का कार्यकाल के बाद यहां से इनका प्रशासकीय तबादला कर दिया गया, उनके स्थान पर बरघाट जनपद की गुदमा ग्राम पंचायत के गिरधर सोलंकी सचिव निवासी बेहरई बरघाट की पदस्थापना की गई है।

विडंबना यह है कि बीते 15 दिवस पूर्व नए सचिव ने ग्राम पंचायत उगली में आकर अपनी मुंह दिखाई की रश्म तो अदा की है,ज्वाइनिंग भी किया लेकिन वर्तमान में चिकित्सा अवकाश मेडिकल लीव लेकर अपने कार्यालय दायित्व का निर्वहन करने में सक्षम नहीं हो रहे हैं।

जिसके कारण ग्राम पंचायत उगली कार्यालय के कार्य प्रभावित हो रहे हैं, विगत दिवस ग्राम पंचायत उगली की सरपंच श्रीमती पुष्प लता पोचाटे से इस संदर्भ में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि नए सचिव ने हमारे पंचायत में आकर ज्वाइनिंग तो किए हैं लेकिन आज दिन तक कार्यभार नहीं संभाला है जिसके चलते पंचायत के कार्य रुके हुए हैं, डीएससी नहीं बनी है, अगर इसी तरह का चलते रहा तो हमें वित्त प्रभार के लिए डीएससी का प्रभार हमारे रोजगार सहायक या अन्य सचिव को देना पडेगा. इस संदर्भ में नए सचिव से जब संपर्क किया गया तो इनका मोबाइल नंबर भी बंद आ रहा है।

## नपा अध्यक्ष ने विद्युत शाखा के कर्मचारियों को विद्युत सुरक्षा सामग्री पी.पी. किट वितरित की



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

गत 14 जुलाई 2025 को नगरपालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया द्वारा निकाय के विद्युत शाखा के कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण सामग्री वितरित की गई। विदित होवे कि वर्षा ऋतु के दौरान विद्युत संबंधी कार्य एवं अन्य कार्य करने के दौरान करंट लगने का खतरा अधिक बना रहता है जिसे दृष्टिगत रखते हुए अध्यक्ष महोदय द्वारा नगर पालिका के 4 लाईनमेनों किशोर नामदेव, आबिद खान, जीवन सनोडिया, संजू डोंगरे, को विद्युत सुरक्षा सामग्री (पी.पी. किट) जिसमें हेलमेट, ग्लब्स, गमबूट, पेंचकस, टेस्टर, पाना, पिंचिस, हथौडी, ड्रील मशीन, हेमर मशीन, वितरित की गई। इस अवसर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम तिवारी, पूर्व नपा अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी, पार्षद विजय गोलू पंडित, रविशंकर गुड्डा भांगरे, नरेन्द्र टांक, अमित डागौर, संदेश बास्सा, पूर्व पार्षद, दीपू मिश्रा, शुभम राजपूत, भुनेश कुल्हाडे, निकाय उपयंत्री बिन्देश्वरी पन्द्रे, लिपिक तनोज राउत सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## अब सीधे कॉलेज पहुंचकर एडमिशन ले सकेंगे विद्यार्थी

**16 से 31 जुलाई तक चलेगा, अतिरिक्त सीएलसी राउंड**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीवलेंस के प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग द्वारा ये जानकारी दी गई कि समस्ता मध्याप्रदेश के शासकीय अनुदान प्राप्त अशासकीय निजि महाविद्यालयों में स्नातक कक्षाओं के एडमिशन के लिए प्रत्येक कॉलेज में खाली सीटो पर अतिरिक्तक सीएलसी चरण के द्वारा प्रवेश संभव हो सकेगा। जिसके लिए विषय के अनुसार प्रत्येक छात्र जो एडमिशन लेने के इच्छुरक है एडमिशन फॉर्म तथा समस्त दस्तानवेजों की छायाप्रति के साथ महाविद्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। इस प्रक्रिया हेतु उच्चत शिक्षा द्वारा निम्नानुसार निर्देश जारी किये गये हैं 1. अतिरिक्त सीएलसी चरण 16 से 31 जुलाई 2025 तक आयोजित होगा 2. 16 जुलाई 2025 से प्रतिदिन प्रवेश पोर्टल पर महाविद्यालयवार रिक्तक सीटो का प्रदर्शन किया जायेगा। 3 रिक्तर सीटो पर विद्यार्थी सीधे महाविद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। 4. प्रतिदिन विद्यार्थी शाम 3 बजे तक पंजीयन/विकल्प चयन कर सकेंगे तथा हेल्प सेंटर द्वारा 4 बजे तक आवेदन का सत्या पन किया जायेगा। 5. शाम 5 बजे मैरिट जारी की जायेगी जिसके 24 घण्टेप के अंदन प्रवेश शुल्के जमा करना अनिवार्य होगा अन्यनथा प्रवेश मान्या नहीं होगा। 6. यदि विद्यार्थी का प्रवेश अमान्यी कर दिया जाता है तो उसे पुनः रिचॉइस करना होगा। यह प्रक्रिया 31 जुलाई 2025 को पूर्ण हो जायेगी। अतः सभी इच्छुक विद्यार्थी इस प्रक्रिया में भाग लेने हेतु उच्चअ शिक्षा विभाग के पोर्टल पर जाकर कॉलेज में रिक्त सीटों की जानकारी प्राप्ता कर सकते हैं।

## डिसट्रिक्टल की रिसोर्स ग्रुप हेतु ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा 31

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जुलाई, 2025 तक राज्यि शिक्षा केन्द्र भोपाल के अनुसार मध्ययप्रदेश के शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों के मूल्यांककन (असेसमेंट) में सुधार तथा विभाग की संस्था5गत क्षमता वर्धन के लिए प्री-प्राइमरी से कक्षा 10 हेतु स्ट्रेट असेसमेंट सेल स्था पित किया जाना है । राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा प्री-प्राइमरी से कक्षा 8 के लिए प्रत्योक जिले में एक 8 सदस्यीय 'डिसट्रिक्टि की रिसोर्स ग्रुप का गठन किया जाना है । प्री-प्राइमरी से कक्षा 8 हेतु DKRG सदस्यों का चयन ऑनलाईन टेस्टस एवं साक्षात्काकर के माध्युम से किया जायेगा । चयनित सदस्यों के प्रशिक्षण हेतु 15 वर्कशॉप आयोजित की जावेगी । प्रशिक्षण के उपरांत चयनित DKRG सदस्यप अपने जिले के लिए राज्यत शिक्षा केन्द्र द्वारा सौंपे गये मूल्यां कन से संबंधित कार्यो को निष्पाादित करेगें । शासकीय विद्यालयों में कार्यरत प्रधान पाठक, शिक्षक, माध्यिमिक शिक्षक, सहायक शिक्षक एवं प्राथमिक शिक्षक सदस्योंय के रूप में कार्य करने के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकेगे । DKRG सदस्योंय के चयन हेतु आवेदन पत्र गूगल लिंक के माध्योम से उपलब्धे कराया गया है । पूर्व में जारी संदर्भित पत्रानुसार आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2025 निर्धारित की गई थी जिसे बढाकर 31 जुलाई 2025 किया गया है । जिन आवेदकों ने पूर्व में आवेदन किया है उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यककता नहीं है । समस्त शासकीय विद्यालयों के पात्र संस्थाद प्रमुख शिक्षकों से ऑनलाईन आवेदन समय सीमा में करने के लिए अपील की जाती है । आवेदन के संबंध में विस्तृरत दिशा निर्देश संबंधित पत्र कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्रे एवं समस्तप बीआरसीसी कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पाध किया गया है ।

## सोहाने पम्प के सामने एक माह भी नहीं हुए सड़क का डामर पूरी तरह से उखड़ा

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

बस स्टेंड सोहाने पम्प के सामने की सड़क कई माह से उखड़ी थी बडे बडे गड्ढे हो गए थे धूल के गुबार उड़ रहे थे आने जाने वाले लोग परेशान थे जिला कलेक्टर के आदेश से सड़क का कुछ दिन पूर्व डामरीकरण कराया गया जिसका श्रेय लेने नगरपालिका कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया डामरीकरण करते समय फोटो खिचवाकर सोशल मिडिया में प्रचारित किया कि डामरीकरण कार्य उनके द्वारा किया जा रहा है।

शहीद वार्ड पार्षद जोएब जकी अनवर ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि एक माह भी नही हुए सड़क के एक ओर का डामर पूरी तरह से उखड़ गया, बडे बडे गड्ढे हो गए उन गड्ढो में बारिश का पानी भर रहा है यातायात बाधित हो रहा है ज्ञानचंद सनोडिया क्या इस घटिया कार्य की जिम्मेदारी अपने उपर नहीं लेंगे, यही हाल नगर में यातायात व्यवस्था का है नगर के मुख्य मार्गो पर प्रति दिन जाम लगा रहता है नगर की यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करना क्या नगरपालिका का काम नही है नगर में हो रहा रेलवे ब्रिज, सड़क नाली का कार्य भी ठेकेदार द्वारा मनमाने ढंग से किया जा रहा है बिजली के खम्बे भी कही भी खडे कर दिये गए है नगरपालिका क्षेत्र में हो रहें कार्यो की निगरानी नगरपालिका को करना चाहिए चाहे निर्माण ऐजेंसी हो, कोई भी विभाग हो, अब तो नगरपालिका में तकनीकि अमले की भी कमी नहीं है 5 उपयंत्री और 1 सहायक यंत्री नगरपालिका में पदस्थ है, उसके बाद भी नगर की व्यवस्था सुधरने का नाम नही ले रही है। बस स्टेंड सोहाने पम्प के सामने की सड़क को तत्काल दुरूस्त किया जाना चाहिए नगर में बिगडी यातायात को सुधारने का काम एवं नगर में आवारा कुत्तो से भी नगरपालिका को मुक्ति दिलाना चाहिए।

## देखिए.... मुख्यमंत्री जी सांदीपनि विद्यालय की जमीनी हकीकत

**छपारा के सांदीपनि विद्यालय का मामला**

# 38 करोड़ के सांदीपनि विद्यालय में सैकड़ों विद्यार्थी टाट-पट्टी पर बैठने को मजबूर!

हरिभूमि न्यूज छपारा।

मध्य प्रदेश सरकार जिस तरह से सीएम राइज बदला हुआ नाम सांदीपनि विद्यालय का व्यापक तौर से प्रचार प्रसार करते बखान कर रही हैं उसकी जमीनी हकीकत कुछ और ही हैं। जी हां दरअसल छपारा नगर में 38 करोड़ की लागत से नवनिर्मित सांदीपनि विद्यालय के लगभग 600 छात्र छात्राएं टाट-फट्टी पर बैठकर शिक्षा ग्रहण करते हुए सरकार और संदीपनी विद्यालय की व्यवस्थाओं की पोल खोल रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि सिवनी जिले के छपारा में 38 करोड़ की लागत से हाल ही में बने सांदीपनि विद्यालय में सत्र 25-26 में लगभग 2000 से अधिक विद्यार्थी अध्यनरत हैं। लेकिन हैरान करने वाली बात यह है कि लगभग 600 छात्र छात्राएं टाट पट्टी पर बैठकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जो प्रदेश सरकार की सांदीपनि विद्यालय के बड़े-बड़े बखानो की पोल खोल रहे हैं।



### किसकी जिम्मेदारी होगी तय?

बता दें कि 38 करोड़ की लागत से बने संदीपनी विद्यालय में नर्सरी से कक्षा 12वीं तक लगभग 2000 से अधिक छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। जिनमें से लगभग 600 छात्र छात्राएं टाट पट्टी पर बैठकर अध्ययन करने को मजबूर हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार छठवीं सातवीं और नवमी कक्षा के 600 से अधिक छात्र-छात्राएं बिना फर्नीचर के टाट पट्टी पर बैठकर अध्ययन करते हुए इस बड़ी महत्वाकांक्षी योजना की जमीनी हकीकत दिखा रहे हैं। सवाल यह है कि सत्र के पहले ही विद्यालय प्रबंधन ने अध्यनरत छात्र-छात्राओं के बैठने के लिए फर्नीचर की व्यवस्था क्यों नहीं की? प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और शिक्षा मंत्री तथा सिवनी जिले के प्रभारी मंत्री सहित जिला कलेक्टर और शिक्षा विभाग इस बड़ी लापरवाही में किसकी जिम्मेदारी तय करेंगे यह देखने वाली बात होगी।

### सिवनी पुलिस द्वारा नशे से दूरी,हैं जरूरी जागरूकता अभियान प्रारंभ

**सिवनी।** मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी अभियान नशे से दूरी,हैं जरूरी के तहत 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक संचालित होने वाले इस अभियान के तहत श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी सुनील मेहता के कुशल मार्गदर्शन व अति पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन में प्रधानमंत्री एक्सलेंस पीजी कॉलेज सिवनी से जन जागरुकता कार्यक्रम प्रारंभ किया गया उक्त कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा जीवन के कठिन समय में धैर्य कैसे रखें,नशे की आदत में कोई व्यक्ति जा रहा उसे कैसे पहचाने और उसे शुरुवात में ही कैसे संभालें,नशे का व्यापार करने वालों की सीधे व गोपनीय रूप जानकारी देने के लिए उत्साहित किया गया।

हमारी सुविधाएं
टी.एम.टी.,सोनोग्राफी, 2-ड इकोकार्डियोग्राफी,हड्डी के समस्त ऑपरेशन,महिला एवं प्रसूती,रोग जनरल फिजिशियन सर्जरी, आई.सी.यू.,एनआईसीयू,मॉड्यूलर, ओटीसी.टी.,स्कैन,डायलिसिस, पैथोलॉजी सभी प्रकार की जांच सुविधा)

जिले का एक मात्र सर्वसुविधायुक्त अस्पताल
बिसेन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
अब सिवनी में भी नागपुर जैसी सुविधा
24 घंटे आपकी सेवा में यहाँ पर सभी ऑपरेशन और भर्ती मुफ्त में आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध कराई जाती है। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सुविधा केन्द्र शासन के दिशा निर्देश के तहत दी जा रही है।
एस.पी. बंगला रोड, बारापत्थर सिवनी 6266248010, 9174594814

कॉलेज कोड पी 554
प्रवेश प्रारंभ
बी.ए. बी.एस.सी एम.ए.
एम.एस.(गणित, भौतिक,रसायन)
बी.कॉम एम.कॉम
डी.एड.(सभी ऑनलाईप्रक्रिया)
डी.पी.चतुर्वेदी महाविद्यालय सिवनी
Major & Miner - (Each)
Open Elective Web Designing, Nursing & Hygiene, Public Administration, M.S. Office, Computer Fundamental, Multimedia, Animation
CONTACT-9424904765, 94799887990, 9407807850 9685863421, 8770294939, 9752264388, 9479467886

## वैनगंगा नदी की झाड़ियों में फंसा रहा युवक

# एसडीआरएफ की टीम ने वैनगंगा नदी के छोटे पुल में बह रहे युवक का सफलतापूर्वक किया गया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

एसडीआरएफ की टीम ने 15 जुलाई को वैनगंगा नदी में छोटे पुल के नीचे पानी के तेज बहाव मे एक व्यक्ति की बह जाने की सूचना पर त्वरित कार्यवाही कर बह रहे युवक का सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर उसकी जीवन रक्षा की है। कोतवाली थाना प्रभारी द्वारा 15 जुलाई को अपरान्ह 03: 15 बजे के लगभग एसडीआरएफ की टीम को सूचना दी गई कि एक युवक वैनगंगा नदी के पुल के नीचे तेज बहाव में बह रहा है। इस सूचना पर एसडीआरएफ की टीम तत्काल टीम प्रभारी श्याम सिंह धुर्वे के नेतृत्व में 5 साथियों के साथ मौका स्थल के लिए रवाना हुई और रेस्क्यू ऑपरेशन प्रारंभ किया। सुरक्षात्मक रेस्क्यू तकनीक अपनाते हुए बहे व्यक्ति को सुरक्षित जीवित रेस्क्यू किया गया। नदी में बह रहे युवक को घटना स्थल से लगभग 03 किमी की दूरी पर सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। यह युवक भानुप्रताप दुबे पिता गणेश दुबे उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड न. 23 फॉरेस्ट कॉलोनी बालाघाट का बताया गया है।



# द रायल हेरिटेज इंग्लिश स्कूल के प्राचार्य ने कहा, 23 हजार दो टी.सी. ले जाओ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जनसुनवाई में मंगलवार सौ से अधिक आवेदन आए थे। जिसमें भटेरा चैकी वार्ड न02 बालाघाट के संतोष सोनवाने की शिकायत थी कि द रायल हेरिटेज इंग्लिश स्कूल के प्राचार्य का कहना है कि 23 हजार रुपए जमा करो तभी तुम्हारे बेटे की टीसी दी जाएगी। मेरे दो बच्चे इस स्कूल में पढ़ते हैं।खैरलांजी तहसील के ग्राम नवेगांव.03 के रामचंद बिसेन का कहना है कि वो स्कूल की फीस जमा कर दिया है लेकिन फीस अधिक होने की वजह से अपने बच्चे को दूसरे स्कूल में पढ़ाना चाहता है मगर टीसी नहीं दे रहे हैं।



### टीसी के लिए पैसे मांग रहे

संतोष का कहना था कि उसके 02 बच्चे सत्यम और पूजा द रायल हेरिटेज इंग्लिश स्कूल स्कूल में पढ़ रहे थे। अब वह अपने बच्चो का एडमिशन अन्य स्कूल में कराना चाहता है, लेकिन द रायल हेरिटेज इंग्लिश स्कूल के प्राचार्य कह रहे हैं 23 हजार रुपये फीस जमा करो और टीसी ले जाओ।

### फीस देने पर भी टीसी नहीं दे रहे

खैरलांजी तहसील के ग्राम नवेगांव03 के रामचंद बिसेन का कहना था कि उनका पुत्र नैतिक बिसेन सन राईज पब्लिक स्कूल डोंगरमाली में कक्षा सातवीं में अध्ययनरत है लेकिन स्कूल की फीस अधिक होने और वहां का रवैया ठीक नहीं होने के कारण वह अपने पुत्र को अन्य स्कूल में पढ़ाना चाहता है। उसके द्वारा स्कूल की फीस भर दी गई है। इसके बाद भी उसे टीसी नही दी जा रही है। इस पर कलेक्टर श्री मीणा ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि संतोष सोनवाने एवं रामचंद बिसेन के बच्चे जिस अवधि तक स्कूल में अध्ययनरत थे उस अवधि की फीस जमा कराकर उनकी टीसी दिलवाएं।

### बीमा की दावा राशि का भुगतान नहीं

जनसुनवाई में बालाघाट तहसील के ग्राम पाथरवाड़ा का आशिष मेश्राम प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना की दावा राशि नहीं मिलने की शिकायत लेकर आया था। आशिष का कहना था कि उसकी माता ईमलाबाई मेश्राम का सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में बचत खाता है और उसके द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में अपना बीमा कराया गया था। माता ईमलाबाई की 04 अगस्त 2022 को मृत्यु हो गई है, लेकिन उसे अब तक बीमा की दावा राशि का भुगतान नहीं किया गया है। इस पर कलेक्टर श्री मीणा ने अग्रणी बैंक प्रबंधक को प्रकरण की जांच कर दावा राशि दिलाने के निर्देश दिये। बैहर विकासखंड के ग्राम पंचायत पाथरी की सरपंच आदिवासी कन्या आश्रम पाथरी में छात्रावास अधीक्षक की व्यवस्था करने की मांग लेकर आयी थी। उनका कहना था कि वर्तमान में कन्या आश्रम पाथरी में कोई भी अधीक्षक नहीं है, जिसके कारण आश्रम में रहने वाली बालिकाओं को भोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है। इस पर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गए है।

# तहसील कार्यालय लामता के भृत्य पर निलंबन की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीणा ने अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने पर तहसील कार्यालय लामता के भृत्य काशीराम मेरावी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उसका मुख्यालय कार्यालय कलेक्ट्रेट बालाघाट निर्धारित किया गया है। तहसील कार्यालय लामता द्वारा 10 जुन 2025 को 41 जाति प्रमाण पत्र के प्रकरण एसडीएम कार्यालय बालाघाट में जमा करने के लिए भृत्य काशीराम मेरावी को दिये गए थे। लेकिन उसके द्वारा यह प्रकरण एसडीएम कार्यालय में जमा नही किये गए और तहसीलदार लामता को प्रकरणों के गुम हो जाने की सूचना दी गई। इस पर भृत्य काशीराम को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया था। लेकिन उसका जवाब संतोषजनक नहीं पाये जाने पर उसके विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही की गई और तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

# हाईस्कूल चिचगांव की दो शिक्षिकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी उपाध्याय ने 09 जुलाई को लालबर्रा विकासखंड के अंतर्गत हाईस्कूल चिचगांव का आकस्मिक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा था। शाला के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर होने के बाद भी दो शिक्षिकायें शाला में उपस्थित नहीं थी। जिस पर दोनों को शिक्षिकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री उपाध्याय ने हाईस्कूल चिचगांव के निरीक्षण के दौरान शाला की अकादमिक गतिविधियों की समीक्षा की थी और आवश्यक दिशा निर्देश दिये थे। समीक्षा बैठक में माध्यमिक शिक्षक श्रीमती एकता सोनवाने एवं श्रीमती संगीता पटले उपस्थित नहीं थी। जबकि शाला की उपस्थिति पंजी में उनके द्वारा हस्ताक्षर किये गये थे। इस पर इन दोनों माध्यमिक शिक्षिकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है कि क्यों न इस लापरवाही के लिए उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाये। दोनों शिक्षिकाओं को तीन दिनों के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने कहा गया है। समय सीमा में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।जिला शिक्षा अधिकारी श्री उपाध्याय ने शाला के निरीक्षण में पाया था कि शाला में विज्ञान विषय के प्रायोगिक कार्य अब तक प्रारंभ नहीं किये गये है और बच्चों की प्रैक्टिकल फाईल नहीं बनाई गई हैं। उन्होंने हाईस्कूल के प्राचार्य को प्रैक्टिकल कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये थे। जिसके परिपालन में हाईस्कूल चिचगांव में 14 जुलाई से प्रेक्टिकल कार्य प्रारंभ कर दिये गये हैं।

# रमाताई महिला बौद्ध संघ द्वारा किया गया वर्षावास का आयोजन

## पंचशील बुद्ध विहार बूढ़ी मे भंते कुसलचित्त करा रहे धम्म एवं ध्यान का अभ्यास

हरिभूमि न्यूज बालाघाट ।





रमाताई महिला बौद्ध संघ द्वारा संचालित पंचशील बुध्द विहार बूढ़ी बालाघाट में वर्षावासरत पू. भंते कुसलचित्त द्वारा धम्म एवं ध्यान का प्रतिदिन अभ्यास कराया जा रहा है । पू.भंते कुसलचित्त जी द्वारा अपनी देसना (प्रवचन ) में भगवान बुद्ध के गुणों को सविस्तार से उपस्थित उपासक/ उपासिकाओं को सारगर्भित एवं सरल भाषा में बताया । ये गुण भगवान की विशेषताओं को दर्शाते हैं। भंते जी ने देशना की श्रृंखला में भगवान द्वारा स्वयं स्पष्ट और पूर्ण रूप से समझाएं धम्म के छह गुणों को भी स्पष्ट किया। उन्होंने आगे बताया की धम्म का पालन करने से जीवन में शुद्धता और शांति आती है। धम्म का अनुभव प्रत्यक्ष रूप से किया जा सकता है। ये गुण धम्म की महत्ता और इसके व्यावहारिक स्वरूप को दर्शाते हैं। इसी क्रम में भंते जी ने संघ के 9 गुणो का भी उल्लेख किया। बुद्ध, धम्म एवं संघ हमारे लिए वंदनीय है। रामाताई महिला बौद्ध संघ बालाघाट की अध्यक्ष, उपासिका नीता हिरकने ने जानकारी देते हुए बताया की भंते जी के सानिध्य में प्रतिदिवस प्रातः 5 बजे से ध्यान साधना, 6.30 बजे पूजा वंदना सुत्त संगायन, सायं 5 बजे से ध्यान साधना,6 बजे पूजा वंदना सुत्त संगायन, 6.30 बजे धम्मदेसना (उपदेश) का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सभी से अनुरोध किया है कि समय पर उपस्थित होकर धम्म श्रवण का लाभ प्राप्त करें।

# पुलिस ने शुरू किया समग्र छात्र जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज किनापुर।




शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर में पुलिस थाना किरनापुर के थाना प्रभारी अशोक कुमार ननामा अपने स्टाफ सहित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर के प्रांगण में नशा मुक्ति अभियान संबंधी छात्र-छात्राओं को निर्देश दिए एवं रैली भी निकाली गई जो अवंती चौक होते हुए समस्त चौक चौराहा होते हुए उत्कृष्ट विद्यालय पुनः पहुंची। जिला पुलिस और जिला प्रशासन ने मिलकर छात्रों को जागरूक करने के लिए बड़ा अभियान शुरू किया है। मंगलवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर समग्र छात्र जागरूकता अभियान की शुरुआत हुई। इसके तहत जिले के सभी स्कूलों में बच्चों को ट्रैफिक नियम, साइबर क्राइम, नशा, महिला और बच्चों के खिलाफ अपराध जैसे मुद्दों पर जागरूक किया जाएगा।

थाना प्रभारी अशोक कुमार ननामा ने बताया कि इस अभियान का मकसद बच्चों को जागरूक करके उन्हें गलत आदतों और अपराध से दूर रखना है। इनके जरिए ट्रैफिक नियम, मोबाइल की लत, नशा, महिला जागरूकता जैसे मुद्दों पर संदेश दिया गया।

इस मौके पर मास्टर ट्रेनर और विशेषज्ञों ने बच्चों को ट्रैफिक नियम, साइबर अपराध, नशा छोड़ने, पर्यावरण बचाने और बुजुर्गों का सम्मान करने जैसे विषयों पर विस्तार से समझाया। बच्चों ने भी सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासा शांत की।

कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर यातायात जागरूकता रैली भी निकाली। उन्होंने सड़क सुरक्षा और अपराध से दूर रहने के नारे लगाए। बच्चों ने शपथ ली कि वे ट्रैफिक नियमों का पालन करेंगे, नशा नहीं करेंगे और किसी अपराध में नहीं पड़ेंगे।



## नशा मुक्ति जन जागृति अभियान चलाया गया

**हरिभूमि न्यूज हट्टा।** 15 जुलाई को पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी नशा मुक्ति अभियान कें अंतर्गत थाना हट्टा क्षेत्र में पुलिस स्टाफ व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हट्टा के छात्रों के साथ मिल कर नशा मुक्ति जन जागृति अभियान के अंतर्गत क्षेत्र में रैली निकाल कर नशा मुक्त होने का संदेश दिया है ।

# ग्राम बोडुन्दाकला की समूह की एजेंट 36 महिलाओं के नाम से लोन निकाल कर फरार

### थाना किरनापुर प्रभारी को की शिकायत

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



पुलिस थाना किडनेपोर के अंतर्गत ग्राम बोरुंदा की महिलाएं की महिला जानकीबाई पति स्वर्गीय विजय मनार कर जाती दरजी द्वारा 36 आवेदी का गानों को बहला फैसला कर उनके नाम से अलग-अलग लोन लेकर फरार होना बताया गया है।अनावेदिका द्वारा ग्राम बोडुन्दाकला की समूह की महिलायें से वेक विटास कम्पनी, स्वतंत्र कम्पनी अन्नपूर्णा फायनेस, ग्रामीण कोटा. नेमी फिन्स कम्पनी व अन्य कम्पनी द्वारा समुह के अलग अलग महिलाओं के नाम से जो की रिपोर्टकर्ता के नाम से लोन लिया गया है। उक्त लोन लेते समय आवेदिका गणो के ही दस्तावेज मांगी थी। और लोन स्वीकृत होने के पश्चात उक्त राशि अनावेदिका ही रखती व स्वयं खर्च भी करती थी। और बदले में उक्त लोन की सभी किस्त अनावेदिका के द्वारा ही जमा किया जाता था। और उनको यह आश्वासन देती थी। की लोन सिर्फ तुम्हारे नाम से रहेगा। और उसकी सारी किस्त एवं सारी जिम्मेदारी मेरी स्वयं की रहेगी। अनावेदिका दिनांक 01जुलाई 2025 के रात को समुह की महिलायें को बिना बताये फरार हो गई। जिससे फायनेंस कम्पनी वाले लोन की किस्त अदा ना होने पर अभी वर्तमान में आवेदिका / रिपोटकर्ता के पर दबाव डाल रहे है। और कहते है की लोन की राशि तुम नहीं चुकाओगे तो हम तुम्हारे घर में ताला लगा देंगे। ऐसी धमकी आय दिन उनके ऐजेन्ट द्वारा दी जाती है। जिससे आवेदिकागण घबरा गई और उनको इस बात की जानकारी नहीं थी की अनावेदिका लोन की राशि नहीं पटायेंगी। अनावेदिका द्वारा बहला फुसला अलग-अगल कम्पनी यों से लोन उठाकर स्वयं लोन की राशि इस्तेमाल कर अनावेदिका फरार हो गई ।जिसकी जानकारी समुह की महिलायें द्वारा पता साजी किये पर अनावेदिका का कोई पता नही चला और वर्तमान अनावेदिका कहां है। इस बात की कोई जानकारी नहीं है।

वहीं सुरेखा वाघाडे पति रविन्द्र वाघाडे, एवं यशोदा वाघाडे पति जेश वाघाडे निवासी बोडुन्दाकला के घर से दो मंगल सुत्र एवं एक जोडी पायल लगभग किमत 2,00,000/- दो लाख रूपये के जेवरात इस आशय से मांगी की मैं शादी जा रही हूँ। इसलिये तुम मुझे जेवर दे दो मैं 2 दिन में शादी से वापस आकर जेवर वापस कर दूंगी। किन्तु जेवर वापस नहीं की तब उक्त जेवर के बारे में पता साजी किये तो जोवर ग्राम खारा में सोने चांदी की दुकान में गिरवी रखी है। तब सुरेखा वाघाडे एवं यशोदा वाघाडे द्वारा सोने चांदी की दुकान ग्राम खारा में जाकर पुछताछ किये तो दुकानदार ने बोला की ये जेवर मेरी दुकान में जानकाबाई पति विजय कुमार के द्वारा रखा गया है। और बदले में 50,000/- पांच हजार रूपये की राशि ली है। और अनावेदिका दिनांक 01 जुलाई 2025 की रात्रि को फरार हो गई।

आवेदिका गणों ने शासन प्रशासन से उक्त महिला को गिरफ्तार कर सख्त से सख्त कार्रवाई करने की अपील की है।

### जिले में 16 से 20 जुलाई तक हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना

**बालाघाट।** भारत मौसम विज्ञान विभाग नई दिल्ली के क्षेत्रिय कार्यालय भोपाल से कृषि विज्ञान केंद्र बड़गांव की मौसम ईकाई को प्राप्त 5 दिवसीय मध्यम श्रेणी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार बालाघाट जिले में 16 से 20 जुलाई की अवधी में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना बताई गई है। इस दौरान आसमान में मध्यम बादल छाए रहेंगे। इस अवधि में अधिकतम तापमान 31.1 से 33 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 24 से 24.9 डिग्री सेल्सियस तथा सुबह हवा में 81-86 प्रतिशत तथा दोपहर में 58-65 प्रतिशत नमी रहने की संभावना है। आने वाले दिनो में हवा की गति लगभग 01 से 04 किलोमीटर प्रति घंटा दक्षिण पश्चिम से उत्तर पश्चिम दिशा में रहने की संभावना है।

### 16 जुलाई को भीमगढ़ बांध से वैनगंगा में छोड़ा जाएगा 20 हजार क्यूसेक पानी

**बालाघाट।** 16 जुलाई को प्रातः 08 बजे संजय सरोवर परियोजना भीमगढ़ बांध से जल निकासी के लिए बांध के 03 गेट खोले जाएंगे। इन गेट से 20 हजार क्यूसेक पानी वैनगंगा नदी में छोड़ा जाएगा। जिससे नदी का जल स्तर बढ़ने की संभावना रहेगी। कलेक्टर श्री मृणाल मीणा ने जिले के वैनगंगा नदी के किनारे स्थित ग्रामों के ग्रामीणों से अपील की है कि वैनगंगा नदी के जल स्तर के बढ़ने की संभावना को देखते हुए सावधानी और सर्तकता बरते और नदी से सुरक्षित दूरी बनाए रखे तथा अपने मवेशियों को भी नदी से दूर रखे।

# नशा मुक्ति अभियान को लेकर निकाली जागरूकता रैली




हरिभूमि न्यूज मलाजखंड।

मध्यप्रदेश पुलिस के अंतर्गत पुलिस थाना मलांजखण्ड जिला बालाघाट के द्वारा आज नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता रैली निकाली गई । जिसमें केंद्रीय विघालय मलांजखण्ड (मोहगांव) के बच्चों को भी शामिल किया गया , नशामुक्ति अभियान की जागरूकता रैली केंद्रीय विद्यालय से निकलकर मोहगांव बस स्टैंड होते हुए पुनः विद्यालय पहुंचकर समाप्त किया गया । थाना के उप निरीक्षक अनुराग भदौरिया के द्वारा नशा न करने हेतु शपथ दिलाई गई तथा अपने परिवार , सगे संबंधियों तथा समाज को भी नशा से मुक्त करने शपथ ली गई , क्योंकि आज समाज के हर वर्ग , हर जाति के युवा पीढ़ी और बुजुर्ग भी नशा के आदि हो चुके है जिससे समाज दिनों दिन बर्बाद होते जा रहा हैं , हर समाज का हर घर बर्बाद होते जा रहा हैं । इसलिए बहुत ही जरूरी है कि समाज को इस नशा से बचाने की आवश्यकता है और जिस को लेकर आज मध्यप्रदेश पुलिस की अनुठी पहल है और सराहनीय प्रयास भी है । जो नशा के दुष्प्रभाव से प्रभावित लोगों तक जनजागरूकता रैली निकाकर संदेश पहुचाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है । मलांजखण्ड पुलिस और केंद्रीय विघालय मलांजखण्ड (मोहगांव) की सयुंक्त नशामुक्ति अभियान की जन जागरूकता रैली में मुख्य रूप से उपनिरिक्षक अनुराग भदौरिया, सहा उप निरीक्षक सुलेखा मरकाम, आरक्षक बृजलाल उईके, गणेश महेरा, शांति मरकाम ,तथा केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार प्रसाद,शिक्षक वाय.के. भगत, महेंद्र सिंह टेकाम, धीरेन्द्र दत्त आर्य,एल. एन. पटले, कविता रानी, प्रीति पटले कविता व कक्षा नवमी , दसवीं , ग्यारहवीं एवं कक्षा बारवीं के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे ।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.)Ag.
• B.Tech (Agril) Engg.
• M.Sc. (Ag.)
ABM
PARAMEDICAL
BPT | BMLT
BHN | DMLT | DXRT
D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION
BCA | MCA
B.SC. | M.SC.
DCA | PGDCA
COMMERCE
•B.Com •M.Com
NURSING
GNM | B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111